# अपनी बात कैसे कहें

**आप अपडेट की गई सामुदायिक रणनीतिक योजना पर निम्नलिखित तरीकों से अपनी प्रतिक्रिया प्रदान कर सकते हैं:**

**ऑनलाइन** **काउंसिल की इस वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रतिक्रिया सबमिट करें:** *participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/csp-2050*

**ईमेल** *'Feedback on the draft Community Strategic Plan'* विषय पंक्ति के साथ परियोजना टीम से *corporatestrategy@cityofparramatta.nsw.gov.au* पर ईमेल भेजकर संपर्क करें।

**पोस्ट** इस पते पर पत्र लिखें:
City of Parramatta Council
PO Box 32, Parramatta NSW 2142
ATTN: Corporate Strategy

**सभी सबमिशन बुधवार 11 जून 2025, सुबह 9.00 बजे तक लिए जाएंगे।**

**आपकी प्रतिक्रिया और फ़ाइनल ड्राफ़्ट योजनाएँ, जून 2025 के अंत में काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया (02) 9806 5050 पर सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे तक कॉल करें।

---

अगर आप फ़ोन पर किसी दूसरी भाषा में बात करना चाहते हैं, तो मुफ़्त अनुवाद सेवा के लिए 131 450 पर TIS नेशनल को कॉल करें। उन्हें बताएँ कि आप City of Paramatta Council से अपनी चुनी हुई भाषा में बात करना चाहते हैं और वे आपको उनसे कनेक्ट कर देंगे।

मुझे स्कैन करें

# अपनी बात कैसे कहें:
## ड्राफ़्ट सामुदायिक रणनीतिक योजना 2025-2050

### CSP क्या है?

सामुदायिक रणनीतिक योजना (CSP) काउंसिल द्वारा तैयार की जाने वाली उच्चतम-स्तरीय योजना है। यह हमारे शहर के प्रति समुदाय के दीर्घकालिक नज़रिए, वांछित परिणाम, रणनीति और सफलता संकेतकों के बारे में बताती है। CSP में 4,013 से भी अधिक लोगों के विचारों को शामिल किया गया है, जो 2023–2024 में हुई सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से एकत्रित किए गए थे।

### CSP में नया क्या है?

काउंसिल ने Parramatta की बदलती परिस्थितियों को दर्शाने के लिए एक नई CSP तैयार की है। नवसंशोधित CSP अपने दृष्टिकोण को नए अपनाए गए *Parramatta 2050* ग्लोबल सिटी विज़न और हमारे ड्राफ़्ट सामुदायिक दृष्टिकोण कथन: *"AT PARRAMATTA: Local Heart, Global Outlook"* के साथ संरेखित करती है और Parramatta का Greater Sydney के सांस्कृतिक और भौगोलिक केंद्र के रूप में सम्मानित करते हुए हमारे शहर के उज्ज्वल भविष्य की आकांक्षा करती है

**मजबूत स्थानीय परिणाम और कार्रवाइयाँ सुनिश्चित करने के लिए नए रणनीतिक स्तंभ प्रस्तुत किए गए हैं, जो वैश्विक शहर का दर्जा दिलाने की दिशा में हमें आगे बढ़ाएंगे, साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि Parramatta रहने योग्य और आनंददायक बना रहे।**

CITY OF PARRAMATTA

# हमारे नए रणनीतिक स्तंभ: 2050 तक हम कहाँ पहुँचना चाहते हैं...

## यह शहर हम सबका है

**एक विविधतापूर्ण, रचनात्मक, समावेशी और प्रेरणादायक शहर।**

1. Parramatta एक ऐसा **सामावेशी शहर** है जो हमारी विविधता को महत्व देता है और हमारी अनूठी पहचान का जश्न मनाता है।

2. हमारा शहर हमारी **विरासत और साझा कहानियों** को महत्व देता है और उनसे प्रेरित होता है।

3. हर किसी के पास **सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और उनमें भाग** लेने के अवसर उपलब्ध हैं।

4. हमारे शहर को पश्चिमी सिडनी की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसकी **एक रचनात्मक अर्थव्यवस्था है, जो चौबीसों घंटे काम करती है।**

5. हमारा शहर **विश्व स्तरीय त्योहारों, खेलों और मनोरंजन**के लिए एक प्रमुख गंतव्य है।

6. हमारा शहर **संस्कृति और रचनात्मक-ता**का अधिकेन्द्र है।

## हम लोगों को प्राथमिकता देते हैं

**एक न्यायसंगत और सामाजिक रूप से जुड़ा हुआ शहर।**

1. हर कोई अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए **सीखने के अवसर** प्राप्त कर सकता है।

2. **जो उनकी ज़रूरतों को पूरा करता है** और हमारे शहर में बेघर होने के अनुभव दुर्लभ, संक्षिप्त होते हैं और बार-बार नहीं होते।

3. **हर किसी के पास वह सब कुछ है,** जो उन्हें हमारे शहर में मज़बूत, स्वस्थ और समृद्ध होने के लिए चाहिए।

4. हमारे शहर में हर कोई पूरी तरह से भागीदारी कर सकता है और **सुरक्षित महसूस** कर सकता है।

5. हमारे शहर की **सुविधाएँ, सार्वजनिक स्थान और कार्यक्रम** सामुदायिक संबंध, सामंजस्य और कल्याण को बढ़ावा देते हैं।

6. एशिया प्रशांत के **अनुसंधान और शिक्षा** केंद्र के रूप में हमारी भूमिका से हर कोई लाभान्वित होता है।

## हम एक आर्थिक महाशक्ति हैं

**एक समृद्ध, उत्पादक और महत्वाकांक्षी शहर।**

1. हमारा शहर क्षेत्र में रोजगार का प्रमुख केंद्र है, जो **पूरे LGA जहाँ लोग रहते हैं,** में रोजगार के अवसर प्रदान करता है।

2. हमारी अर्थव्यवस्था का लचीलापन हमारे मजबूत, विविधतापूर्ण उद्योग क्षेत्रों और **भावी नौकरियों की तत्परता** पर आधारित है।

3. हम व्यवसाय के लिए एक अग्रणी शहर हैं, **जहाँ हमारे उद्यमों को निर्बाध समर्थन** और आगे बढ़ने और फलने-फूलने के अवसरों का लाभ मिलता है।

4. हमारा शहर **व्यापार के लिए दिन-रात खुला रहता है,** जो 24 घंटों की विविध अर्थव्यवस्था वाले परिसरों द्वारा संचालित होता है।

5. **स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों के लिए पसंदीदा गंतव्य** के रूप में हमारी पहचान से हमारी अर्थव्यवस्था और व्यवसायों को बढ़ावा मिलता है।

6. जो अपनी अनूठी ताकत और पहचान का उपयोग करके **हमारी अर्थव्यवस्था को विश्व मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाता है।**

## हम अपने परिवेश को विकसित करते हैं

**एक पुनर्योजी एवं लचीला शहर।**

1. हम **नेट जीरो से आगे निकल गए हैं** और जलवायु परिवर्तन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के खतरों के अनुकूल होने के लिए हम **जलवायु सकारात्मक और लचीले** शहर में परिवर्तित हो गए हैं।

2. हमारे शहर में **प्राकृतिक क्षेत्रों, पारिस्थितिक गलियारों, जलमार्गों और हरित स्थानों** का एक स्वस्थ, विस्तारित और कनेक्टेड नेटवर्क है।

3. हम **प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन** में अग्रणी हैं, और हमारे पास एक **मजबूत चक्रीय अर्थव्यवस्था** है, जो हमारे बहुमूल्य संसाधनों की खपत को कम करती है और हमारे पर्याव-रण पर दुष्प्रभावों को सीमित करती है।

4. हमारे पास एक **समृद्ध और व्यापक वृक्ष आवरण** जो हमारे पार्कों, सड़कों, मोहल्लों और केंद्रों के लिए महत्वपूर्ण शहरी शीतलता प्रदान करता है।

5. हमारे शहर को एक **बेजोड़ रीवर सिटी** के रूप में पहचाना जाता है और पुनर्जनन और लचीलेपन में अग्रणी के रूप में जाना जाता है।

## हम भविष्य केंद्रित हैं

**एक अग्रणी और दूरदर्शी शहर।**

1. Baramadagal और अन्य Dharug और **प्रथम राष्ट्र संस्कृति हमारे शहर की पहचान और भविष्य का केंद्र** है।

2. हमारे शहर को **'सिटी ऑफ़ फ़र्स्ट', नवाचार में अग्रणी** और नई चीजों को आजमाने की जगह के रूप में पहचाना जाता है।

3. Parramatta **अच्छे शासन, ईमानदारी और सही निर्णय** लेने के लिए प्रसिद्ध है।

4. हमारा **समुदाय परस्पर जुड़ा हुआ है, उसे उत्कृष्ट सेवा मिलती है और उसके पास शहर के लिए सही निर्णय** लेने के सार्थक अवसर मौजूद हैं।

5. हमारा शहर सुव्यवस्थित है और उसे **उत्कृष्ट डिज़ाइन, शहर निर्माण** और **संतुलित घनत्व के क्षेत्र में अग्रणी** के रूप में मान्यता प्राप्त है।

6. हमारा शहर **मजबूत अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय परिवहन लिंक** के माध्यम से दुनिया से सहज रूप से जुड़ा हुआ है।